भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *306
उत्तर देने की तारीख 10 अगस्त, 2026
19 श्रावण, 1948 (शक)

फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया

***306. श्री महेश कश्यपः**
श्री यदुवीर वाडियार:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया के कार्य-निष्पादन तथा ओडिशा के नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में इसकी प्रगति की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो इसके मुख्य निष्कर्ष क्या रहे और अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त निर्वाचन क्षेत्र के युवाओं सहित प्रतिभावान जूनियर और सब-जूनियर साइक्लिस्टों की पहचान करने तथा उन्हें प्रशिक्षण, कोचिंग, खेल विज्ञान सहायता तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु अवसर प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उक्त लीग के अंतर्गत क्या विभिन्न कदम उठाए गए हैं/ उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या उक्त पल के अंतर्गत देशभर में साइक्लिंग खेल संबंधी अवसंरचना, साइक्लिंग ट्रैक, प्रशिक्षण केन्द्रों, खेल सामग्री संबंधी सहायता और कोचों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कोई विशिष्ट योजना कार्यान्वित की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) भारत के साइक्लिंग पारितंत्र को सुदृढ़ करने और देशभर में खेल जगत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मकता की स्थिति में सुधार लाने के लिए उक्त लीग का अपेक्षित योगदान क्या है और उक्त निर्वाचन क्षेत्र में इसमें भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/ किए जा रहे हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

"फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया" के संबंध में माननीय लोकसभा सदस्य लोकसभा में श्री महेश कश्यप और श्री यादुवीर वाडियार द्वारा दिनांक 10.08.2026 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 306 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ङ) : फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत कोई साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया नहीं है। तथापि, फिट इंडिया अभियान द्वारा नागरिकों को स्वस्थ और संधारणीय जीवन शैली के रूप में साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ 17 दिसंबर, 2024 को शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी संडेज़ ऑन साइकिल (एसओसी) अभियान, जो एक गैर-प्रतिस्पर्धी, जन भागीदारी फिटनेस अभियान है, के माध्यम से साइकिल चलाने और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा दिया जा रहा है। आरंभ से ही यह पहल ऑन-ग्राउंड गतिविधियों, सोशल मीडिया पहुंच और जन भागीदारी के अभियानों के माध्यम से 36 लाख से अधिक साइकिल चालकों को शामिल करते हुए तथा संपूर्ण भारत में 7 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच बनाते हुए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में परिवर्तित हो गया है।

इसके अलावा, किसी विशेष खेल विधा के प्रदर्शन का मूल्यांकन और सुधारात्मक उपाय सहित उसके विकास और संवर्धन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) की होती है, जो साइक्लिंग के मामले में साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (सीएफआई) है। सरकार भारत में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के आयोजन, विदेश में अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों/टीमों की भागीदारी, भारतीय और विदेशी कोच के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों/टीमों के प्रशिक्षण/कोचिंग, संपूर्ण पौष्टिक आहार, उपकरण, अत्याधुनिक अवसंरचना, आवास, यात्रा सुविधाओं, वैज्ञानिक और चिकित्सीय सहायता, खेल किट आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया सहित सभी एनएसएफ के प्रयासों में सहायता करती है।

सीएफआई ने सूचित किया है कि साइक्लिंग लीग ऑफ़ इंडिया अभी शुरुआती चरण में है और उक्त लीग के तहत अब तक कोई आयोजन नहीं किया गया है। वर्तमान में, ओडिशा के नबरंगपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में साइक्लिंग लीग ऑफ़ इंडिया के तहत किसी भी कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सीएफआई के समक्ष कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****